भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या. *320

दिनांक 21 मार्च, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

नए चिकित्सा महाविद्यालय/अस्पताल

***320. श्री भोजराज नागः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आज की तिथि तक देश भर में नए चिकित्सा महाविद्यालयों के निर्माण की विस्तृत स्थिति क्या है;
(ख) क्या देश में कोई नए अस्पताल या चिकित्सा महाविद्यालय शुरू करने/खोलने की योजनाएं हैं;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और स्थिति क्या है; और
(घ) क्या छत्तीसगढ़ में कांकेर जिला अस्पताल को सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में उन्नयन करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री

(श्री जगत प्रकाश नड्डा)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

दिनांक 21.03.2025 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 320 के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) से (घ): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय 'मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से जुड़े नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना' के लिए एक केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) का संचालन करता है, जिसमें ऐसे अल्पसेवित क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता दी जाती है, जहाँ कोई मौजूदा सरकारी या निजी मेडिकल कॉलेज नहीं है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच निधि साझाकरण पद्धति पूर्वोत्तर और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए 90:10 के अनुपात में और अन्य के लिए 60:40 के अनुपात में है। इस योजना के तहत सभी परिकल्पित 157 सरकारी मेडिकल कॉलेजों को तीन चरणों में मंजूरी दे दी गई है, जिनमें से 131 कॉलेज कार्यशील हैं। देश में स्वीकृत मेडिकल कॉलेजों का चरणवार विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है। इसके अलावा, इस योजना के अंतर्गत योजना के दिशा निर्देशों के अनुसार इन मेडिकल कॉलेजों की योजना बनाने, कार्यान्वयन करने और इनको शुरू करने का कार्य राज्य सरकार द्वारा किया जाता है।

सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी), कांकेर का अनुमोदन केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) 'मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से जुड़े नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना' के तीसरे चरण में वर्ष 2020 में 325 करोड़ रुपये की लागत से किया गया जो कि केंद्र और राज्य सरकारों के बीच 60:40 के अनुपात में साझा की गई। 90 करोड़ रुपये की राशि का केन्द्रीय हिस्सा छतीसगढ़ राज्य को जारी किया जा चुका है। यह कॉलेज वर्ष 2021 में 100 एमबीबीएस सीटों की प्रवेश क्षमता के साथ अस्थाई परिसर में कार्यशील हो चुका है। इस कॉलेज की वर्तमान प्रवेश क्षमता 125 एमबीबीएस सीट है।

******

अनुलग्नक

'मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से जुड़े नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना' के लिए केंद्र प्रायोजित योजना के तहत अनुमोदित 157 मेडिकल कॉलेजों का राज्यवार विवरण

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	कॉलेजों की संख्या	जिले
चरण-I (58)			
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	1	पोर्ट ब्लेयर
2	अरुणाचल प्रदेश	1	नाहरलगुन
3	असम	4	धुबरी, नागांव , उत्तरी लखीमपुर , दीफू
4	बिहार	3	पूर्णिया, सारण (छपरा), समस्तीपुर
5	छत्तीसगढ़	2	राजनांदगांव, सरगुजा
6	हिमाचल प्रदेश	3	चम्बा, हमीरपुर, नाहन (सिरमौर)
7	हरियाणा	1	भिवानी
8	झारखंड	3	दुमका, हज़ारीबाग़, पलामू (डाल्टनगंज)
9	जम्मू और कश्मीर	5	अनंतनाग, बारामूला, राजौरी , डोडा , कठुआ
10	मध्य प्रदेश	7	दतिया, खंडवा, रतलाम, शहडोल, विदिशा, छिंदवाड़ा, शिवपुरी
11	महाराष्ट्र	1	गोंदिया
12	मेघालय	1	पश्चिमी गारो हिल्स (तुरा)
13	मिजोरम	1	फ़ॉकवन
14	नागालैंड	1	नागा अस्पताल (कोहिमा)
15	ओडिशा	5	बालासोर, बारीपदा (मयूरभंज), बोलांगी , कोरापुट, पुरी
16	पंजाब	1	एसएएस नगर
17	राजस्थान	7	बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, चूरू , डूंगरपुर, पाली , सीकर
18	उत्तर प्रदेश	5	बस्ती, फैजाबाद, फिरोजाबाद, शाहजहाँपुर, बहराईच
19	उत्तराखंड	1	अल्मोड़ा
20	पश्चिम बंगाल	5	बीरभूम (रामपुर हाट), कूच बिहार, डायमंड हार्बर, पुरुलिया, रायगंज (उत्तर दिनाजपुर)
चरण-II (24)			
1	बिहार	5	सीतामढी , झंझारपुर, सिवान, बक्सर, जमुई
2	झारखंड	2	कोडरमा, चाईबासा (सिंहभूम)
3	मध्य प्रदेश	1	सतना
4	ओडिशा	1	जाजपुर
5	राजस्थान	1	धौलपुर

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	कॉलेजों की संख्या	जिले
6	उत्तर प्रदेश	8	एटा, हरदोई, प्रतापगढ़, फतेहपुर, सिद्धार्थनगर (डोमरियागंज), देवरिया , गाजीपुर, मिर्जापुर
7	पश्चिम बंगाल	5	बारासात, उलूबेरिया, आरामबाग, झारग्राम, तमलुक
8	सिक्किम	1	गंगटोक
चरण-III (75)			
1	आंध्र प्रदेश	3	पिडुगुरल्ला, पाडेरु, मछलीपट्टनम
2	असम	1	कोकराझार
3	छत्तीसगढ़	3	कोरबा, महासमुंद, कांकेर
4	गुजरात	5	नर्मदा, नवसारी, पंचमहल, पोरबंदर, मोरबी
5	जम्मू और कश्मीर	2	उधमपुर, हंदवाड़ा (जिला कुपवाड़ा)
6	कर्नाटक	4	चिक्कमगलुरु, हावेरी, यादगिरि, चिक्कबल्लापुरा
7	लद्दाख	1	लेह
8	मध्य प्रदेश	6	राजगढ़, मंडला, नीमच , मंदसौर, श्योपुर, सिंगरौली
9	महाराष्ट्र	1	नंदुरबार
10	मणिपुर	1	छुरछंदपुर
11	नागालैंड	1	मोन
12	ओडिशा	1	कालाहांडी
13	पंजाब	2	कपूरथला , होशियारपुर
14	राजस्थान	15	अलवर, बारां, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, जैसलमेर, करौली, नागौर, श्री गंगानगर, सिरोही , बूंदी, सवाई माधोपुर, टोंक, हनुमानगढ़, झुंझुनू, दौसा
15	उत्तराखंड	3	रुद्रपुर (जिला उधम सिंह नगर), पिथौरागढ , हरिद्वार
16	उत्तर प्रदेश	14	बिजनौर, कुशीनगर, सुल्तानपुर, गोंडा, ललितपुर , लखीमपुर खीरी, चंदौली, बुलंदशहर, सोनभद्र, पीलीभीत, औरैया, कानपुर देहात, कौशांबी, अमेठी
17	तमिलनाडु	11	तिरुप्पुर, नीलगिरी, रामनाथपुरम, नमक्कल, डिंडीगुल, विरुधुनगर, कृष्णागिरि, तिरुवल्लूर, नागपट्टिनम, अरियालुर, कल्लाकुरिची
18	पश्चिम बंगाल	1	जलपाईगुड़ी

*****